RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 मुंबई : शनिवार 02 दिसंबर 2023 वर्ष 05 अंक 220 संपादक : फैसल शेख पृष्ठ : 4 कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकटोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## महाराष्ट्र में प्री-पोल सर्वे की चर्चा
### बीजेपी नंबर एक पार्टी





**मुंबई:** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के एग्जिट पोल के अनुमानों के पर चर्चा के बीच महाराष्ट्र का प्री पोल सर्वे सामने आया है। सोशल मीडिया पर किए गए दावे के अनुसार इस सर्वे को एक राष्ट्रीय पार्टी से संबंधित एक सामाजिक संगठन ने राज्य में प्री-पोल सर्वे किया है। इसमें महाराष्ट्र में अगले साल कैसी तस्वीर उभर सकती है। इसका अनुमान दशार्या गया है। राज्य में लोकसभा चुनावों के बाद विधानसभा के चुनाव होने हैं। महाराष्ट्र में विधानसभा की कुल 288 सीटें हैं। राज्य में उत्तर प्रदेश के बाद सर्वाधिक लोकसभा सीटें हैं। ऐसे में सामाजिक संगठन के प्री पोल सर्वे के आंकड़ों ने राज्य की राजनीति को गरमा दिया है।

महाराष्ट्र को लेकर हुए प्री पोल सर्वे में कहा गया है कि अगर अभी चुनाव हो जाएं तो राज्य में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरेगी। उसे 80 सीटें हासिल हो सकती हैं। इन सीटों के साथ बीजेपी राज्य में नंबर एक पर रहेगी। इस प्री-पोल सर्वे में कांग्रेस को 65 सीटें दी गई हैं। सर्वे में आश्चर्यजनक तौर पर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) को 50 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। प्री-पोल सर्वे में शरद पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) को 40 सीटों के साथ चौथे नंबर पर रखा गया है। एनसीपी के अजित गुट को सर्वे में 29 और शिवसेना (शिंदे गुट) को आठ सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। इन आंकड़ों को महाराष्ट्र के वरिष्ठ पत्रकार सुधीर सूर्यवंशी ने भी साझा किया है।

एग्जिट पोल के नतीजों के बीच सामने आए महाराष्ट्र की सामाजिक संस्था के सर्वे के आंकड़े चर्चा में हैं। ऐसे में मौजूदा महायुति गठबंधन को बहुमत नहीं मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है। सबसे ज्यादा नुकसान मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना को होने की बात कही गई है।

## धमकियों के बाद बढ़ी
### छगन भुजबल की सुरक्षा

**छत्रपति संभाजीनगर:** मराठा आरक्षण का महाराष्ट्र में मुखर विरोध कर रहे कैबिनेट मंत्री छगन भुजबल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राज्य में बेमौसम बारिश के बाद हुए नुकसान का जायजा लेने भुजबल का विरोध हो रहा है। राज्य में यह विरोध के मराठा आरक्षण को लेकर रवैए पर हो रहा है। नासिक में छगन भुजबल का काफिला रोक दिया गया है।



विरोध कर रहे लोगों ने नारे लगाए। इसके बाद ग्रामीणों ने गौमूत्र से सड़क को शुद्ध किया। एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली सरकार में छगन भुजबल अजित पवार की एनसीपी के कोटे से मंत्री हैं। वे राज्य में मराठा आरक्षण का मुखर विरोध कर रहे हैं। छगन भुजबल को मराठा विरोधी रुख के लिए विभिन्न गांवों में बड़े पैमाने पर विरोध का सामना करना पड़ रहा है। एहतियात के तौर पर महाराष्ट्र और मुंबई पुलिस ने व्यक्तिगत सुरक्षा कवर बढ़ा दिया है और मुंबई और नासिक में भुजबल के घर और कार्यालयों के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी है। एक दिन पहले भुजबल ने कहा था कि अगर सीएम और डिप्टी सीएम कहेंगे तो वह इस्तीफा दे देंगे। भुजबल राज्य में ओबीसी नेता के तौर पर जाने जाते हैं।

#### क्यों मिल रही है धमकियां?

1. **छगन भुजबल राज्य में मराठा आरक्षण का विरोध कर रहे हैं।**
2. **वे एल्गार परिषद् के बैनर तले ओबीसी सभाएं भी कर रहे हैं।**
3. **मराठा आरक्षण के बनी शिंदे समिति को भंग करने की मांग की है**
4. **छगन भुजबल मराठाओं को कुनबी प्रमाण देने का विरोध कर रहे हैं**

**जान से मारने के आए 12 मैसेज**

महाराष्ट्र के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल को उनके फोन पर लगातार 12 बार जान से मारने की धमकी वाले संदेश मिले हैं।

## मुफ्त में खाई तंबाकू-सुपारी; पैसे मांगे तो पत्थर से कुचल दिया सिर

**नागपुर,** चौंका देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शख्स ने पान की दुकान चलाने वाले युवक की इसलिए हत्या कर दी, क्योंकि उसने उधार में खिलाये गए तंबाकू और सुपारी के खर्रे के पैसे मांग लिए। पुलिस ने इस मामले में हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, उधार के पैसे मांगने पर शख्स ने पान वाले की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। घटना सावनेर थाना क्षेत्र के सावरमेंढा की है। मृतक का नाम अंकित मनोज शाहू (उम्र 23 वर्ष) है। वहीं, पुलिस ने आरोपी सागर रामचंद्र खानकुरे (उम्र 30 वर्ष) के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि मृतक अंकित के पिता मनोज शाहू खेती करते हैं। उसका बड़ा भाई सूरज शाहू एक निजी कंपनी में नौकरी करता है। जबकि अंकित घर के सामने पान की छोटी से दुकान चलाता था। आरोप है कि सागर उससे उधार में खर्रा लेकर खाता था।

## लोकसभा की 4 सीटों पर लड़ने का NCP का ऐलान,
### बहन के खिलाफ उम्मीदवार उतारेंगे अजित पवार



**मुंबई:** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव की तैयारी जोरों पर चल रही है। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से महाराष्ट्र की 48 सीटों में से 26 सीटों पर चुनाव लड़ने का बयान सामने आया था और उसके बाद एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी में बवाल देखने को मिला था। एकनाथ शिंदे ने भी मौजूदा 13 सांसदों के साथ अपनी स्थिति साफ कर दी है कि वह भी आगामी लोकसभा चुनाव में 13 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने जा रहे हैं। वहीं अजित पवार की एनसीपी की तरफ से भी अब स्थिति साफ होती हुई दिख रही है। एनसीपी ने भी पिछले लोकसभा चुनाव में जीती हुई सीटों पर लड़ने का ऐलान किया है। इसके बाद अब यह साफ हो गया है कि अजित पवार ने सुप्रिया सुले के खिलाफ उम्मीदवार मैदान में उतारने का मन बना लिया है। यानि इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान लड़ाई पवार बनाम पवार होगी। आपको बता दे कि अविभाजित राष्ट्रवादी पार्टी ने पिछले लोकसभा चुनाव में 19 उम्मीदवार उतारे थे। जिसमें से उन्हें 4 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। एनसीपी के 4 जीते हुए उम्मीदवारों ने यह जीत सातारा, शिरूर, रायगढ़ और बारामती में हासिल की थी।

एनसीपी ने सातारा, शिरूर, बारामती और रायगढ़ पर 2019 के लोकसभा चुनाव में जीत हासिल की थी। सतारा से श्रीनिवास पाटील विजयी हुए थे। बारामती सीट से सुप्रिया सुले ने तीसरी बार जीत अपने नाम की थी। यह दोनों ही सांसद अब भी शरद पवार के साथ हैं। जबकि बाकी के दो सांसदों में रायगढ़ से जीतने वाले सुनील तटकरे इस समय अजित पवार के साथ हैं। शिरूर लोकसभा सीट से 2019 में जीत अपने नाम करने वाले अमोल कोल्हे ने दोनों गुट को अपना समर्थन दे रखा है।



## मुंबई के लिए बुरी खबर, तूफान मिचौंग लाएगा मुसीबत! मौसम विभाग ने की बड़ी भविष्यवाणी

**मुंबई:** दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और दक्षिणी अंडमान सागर के ऊपर लो-प्रेशर एरिया बनने की वजह से चक्रवाती तूफान ह्ममिचौंगह्ण के आने का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि यह संभावित तूफान देश के दक्षिणी हिस्से में दस्तक देगा। लेकिन इसका असर महाराष्ट्र पर भी पड़ेगा।

बता दें कि चक्रवात मिचौंग के सोमवार तड़के पूर्वी तट से टकराने की आशंका है। उत्तरी तमिलनाडु और पड़ोसी दक्षिणी आंध्र प्रदेश के तटीय जिले इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हो सकते है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अभी तक संभावित तूफान कहां टकराएगा, उस सटीक स्थान के बारे में नहीं बताया है।

मुंबई में गुलाबी ठंड का आगमन हो चुका है। इस सीजन में पहली बार न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) के सांताक्रूज वेधशाला में न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। हालांकि बंगाल की खाड़ी के ऊपर बन रहे चक्रवात मिचौंग के कारण मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि मुंबई और उसके उपनगरों में तापमान फिर से बढ़ेगा।

आईएमडी मुंबई के निदेशक सुनील कांबले ने बताया कि चक्रवात बनने के बाद शहर व उसके आसपास के इलाकों में आर्द्रता और बादल की स्थिति बनेगी, जिसके कारण पारा चढ़ने की उम्मीद है।




## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### दूसरी तिमाही में अर्थव्यवस्था ने चौंकाया

वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही यानी जुलाई-सितंबर के दौरान अर्थव्यवस्था सालाना आधार पर 7.6 फीसदी की दर से बढ़ी। इस बात ने अधिकांश विश्लेषकों को सकारात्मक ढंग से चौंकाया। अधिकांश अर्थशास्त्री आशा कर रहे थे कि वृद्धि दर 7 फीसदी के आसपास रहेगी। बहरहाल, अक्टूबर में बिजनेस स्टैंडर्ड के एक आयोजन में भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा था कि दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़े सकारात्मक ढंग से चौंकाने वाले होंगे। रिजर्व बैंक ने पहली तिमाही में 7.8 फीसदी की अनुमान से बेहतर वृद्धि के बावजूद पूरे वर्ष के वृद्धि अनुमान को 6.5 फीसदी रखा। दूसरी तिमाही में क्षेत्रवार प्रदर्शन को देखें तो विनिर्माण क्षेत्र ने 13.9 फीसदी की वृद्धि हासिल की, हालांकि यह आंशिक तौर पर कम आधार के कारण भी हासिल हुई। पिछले वर्ष की समान तिमाही में विनिर्माण क्षेत्र का मूल्यवर्द्धन कम हुआ था। श्रमिकों की अधिकता वाले एक अन्य क्षेत्र विनिर्माण में भी 13.3 फीसदी की वृद्धि रही। सबसे बड़ी निराशा कृषि और संबद्ध क्षेत्रों से आई जिनमें 1.2 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली। इससे संकेत मिलता है कि कुल खाद्य उत्पादन पर दबाव होगा जो खुदरा मुद्रास्फीति संबंधी नतीजों को भी प्रभावित करेगा। चूंकि वित्त वर्ष की पहली छमाही में आर्थिक वृद्धि दर 7.7 फीसदी रही। ऐसे में पूरे वर्ष के 6.5 फीसदी वृद्धि के रिजर्व बैंक के अनुमान के मुताबिक देखें तो वर्ष की दूसरी छमाही में धीमापन आएगा।

ऐसे में संभव है कि रिजर्व बैंक तथा अन्य के पूरे वर्ष के पूवार्नुमान को संशोधित किया जाएगा। अहम बात यह होगी कि क्या आने वाली तिमाहियों में इस गति को बरकरार रखा जा सकेगा। दूसरी तिमाही के कॉर्पोरेट नतीजों का विश्लेषण बताता है कि गति में कमी आ रही है जो आने वाली तिमाहियों में वृद्धि को प्रभावित कर सकती है। राष्ट्रीय लेखा के आंकड़े भी दिखाते हैं कि दूसरी तिमाही में अंतिम निजी खपत में व्यय में केवल 3.1 फीसदी की मामूली वृद्धि हुई जो अपने आप में एक पहेली है। ऐसा इसलिए कि वृद्धि के समग्र आंकड़े मजबूत हैं। एक उत्साहित करने वाली बात यह है कि सकल स्थायी पूंजी निर्माण में 11 फीसदी का इजाफा हुआ। इससे लगता है कि निजी निवेश में सुधार हो रहा है। मध्यम अवधि में वृद्धि को बरकरार रखने के लिए यह आवश्यक है। विकसित देशों में मुद्रास्फीति की दर में कमी आई है। भले ही मुद्रास्फीति की दर केंद्रीय बैंकों के तय लक्ष्य से अधिक है और वे ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा रख सकते हैं लेकिन वैश्विक वित्तीय हालात में सहजता आने लगी है और इससे भारतीय कंपनियों को पूंजी जुटाने में मदद मिलेगी। वास्तव में प्राथमिक शेयर बाजार की गतिविधियां बताती हैं कि छोटी कंपनियां भी पूंजी जुटा रही हैं जिससे निवेश बढ़ाने में मदद मिलेगी। परंतु अगर निजी खपत कमजोर रहती है तो निवेश बरकरार रखना मुश्किल हो जाएगा। यद्यपि स्थिर मूल्य पर समग्र वृद्धि प्रभावी नजर आ रही है और वह हर प्रकार के अनुमान से ऊपर रही लेकिन ध्यान एक बार फिर नॉमिनल वृद्धि पर केंद्रित रहेगा। दूसरी तिमाही में नॉमिनल जीडीपी 9.1 फीसदी बढ़ी। पहली तिमाही में भी यह दर वास्तविक वृद्धि से मामूली रूप से अधिक थी। कमजोर नॉमिनल वृद्धि को कमजोर थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति की दर से समझा जा सकता है लेकिन यह सरकार के लिए दिक्कतें खड़ी कर सकती है।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# 'शरद पवार के राजनीतिक करियर को बर्बाद करने के लिए अजित को दी गई सुपारी'

# अनिल देशमुख का बड़ा आरोप

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख ने भाजपा पर अजित पवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार के राजनीतिक करियर को बर्बाद करने के लिए सुपारी देने का आरोप लगाया है। अनिल देशमुख राकांपा के शरद पवार गुट से ताल्लुक रखते हैं। उन्होंने गुरुवार को वर्धा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। अजित पवार समेत राकांपा के आठ अन्य विधायकों द्वारा एकनाथ शिंदे की सरकार में शामिल होने के बाद जुलाई में राकांपा दो हिस्सों में बंट गई। देशमुख ने कहा कि पूरा भारत और महाराष्ट्र जानता है कि भोपाल



में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण के बाद अजित पवार और उनके अन्य साथियों ने हड़बड़ी में शिंदे सरकार में शामिल हो गए थे।

**भाजपा ने अजित पवार को दी है सुपारी**

अनिल देशमुख ने कहा कि राकांपा के बंटवारे के एक दिन पहले पीएम मोदी ने पार्टी पर 70,000 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया था। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से पूछा, ह्यक्या आप जानते हैं कि उसने (अजित पवार) अलग मार्ग क्यों चुना? राकांपा के वरिष्ठ नेता उन परेशानियों का सामना नहीं करना चाहते थे जो मैंने किया। भाजपा ने अजित पवार को राकांपा प्रमुख शरद पवार के राजनीतिक करियर को खत्म करने के लिए सुपारी दी है ह्न अजित पवार के समर्थकों द्वारा उन्हें मुख्यमंत्री बनाए जाने वाले सवाल पर देशमुख ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि सत्तारूढ़ पार्टियों के बीच क्या निर्णय हुआ है। उन्होंने कहा कि उन्हें (अजित पवार) सरकार में निर्णय लेने से अलग रखा जा रहा है।

## जायकवाड़ी फ्लोटिंग सोलर, सम्मेलन केंद्र के काम में तेजी लाई जाए : फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने छत्रपति संभाजीनगर जिले के पैठण में जयकवाडी बांध पर फ्लोटिंग सोलर, डीएमआईसी में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन केंद्र, वालूज से शेन्द्रा पुल पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की और इन विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश भी दिये। गुरुवार रात जारी आधिकारिक प्रेस बयान के अनुसार, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री डॉ. भागवत कराड की उपस्थिति में सह्याद्री गेस्ट हाउस में गुरुवार शाम श्री फड़णवीस की अध्यक्षता में छत्रपति संभाजीनगर में विकास कार्यों के लिए एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। फडणवीस ने जानकारी दी कि राष्ट्रीय तापविद्युत निगम लिमिटेड (एनटीपीसी) और महाराष्ट्र सरकार ने पैठण में जायकवाड़ी बांध पर 1200 मेगावाट फ्लोटिंग सौर परियोजना शुरू करने पर सहमति व्यक्त की है। उनके बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। उसके बाद रिपोर्ट केंद्र सरकार को भेजी जाएगी और पर्यावरण मंजूरी के संबंध में केंद्र सरकार के साथ फॉलोअप किया जाएगा। श्री फडणवीस ने इस बैठक में संबंधित अधिकारियों को इस प्रकार के निर्देश दिए हैं।

## लगातार प्राकृतिक आपदाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है - नाना पटोले

**मुंबई :** प्रदेश में किसान बड़े संकट में हैं। यह वर्ष किसान के लिए बहुत बड़े नुकसान वाला रहा है। प्राकृतिक संकट में फंसे किसान जहां सरकार से मदद की उम्मीद लगाए बैठे हैं, वहीं शिंदे-भाजपा सरकार केवल घोषणाबाजी और प्रचार कर रही है। बुधवार को हुई वैष्ठबिनेट बैठक में सिर्फ कोरी घोषणाएं की गईं। मंत्री अब नुकसान का दौरा कर रहे हैं, यह केवल दिखावा मात्र है। इस तरह का जोरदार हमला करते हुए महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि मंत्री दौरे करें लेकिन पहले किसानों को पर्याप्त मदद दें। तिलक भवन में मीडिया से बात करते हुए नाना पटोले ने कहा कि लगातार प्राकृतिक आपदाओं ने किसानों की कमर तोड़ दी है। खरीफ की फसलों के बाद रबी की फसलें भी नष्ट हो गई हैं। बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने फसलों को बहुत नुकसान पहुंचाया है। खेतों में खड़ी फसलें, अंगूर, संतरा, प्याज,



सोयाबीन, अरहर, धान, कपास सब बर्बाद हो गई हैं। किसान जब मुसीबत में हैं तो सरकार को तत्काल मदद की घोषणा कर उन तक मदद पहुंचाने का काम करना चाहिए, लेकिन सरकार कोरी घोषणाएं कर रही है। पूर्व में घोषित सहायता राशि भी अभी तक किसानों तक नहीं पहुंची है।

पटोले ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों का नामोनिशान मिटा रही है। सरकारी खजाना बीमा कंपनियों की जेब भरता है और अब जब किसानों को मुआवजा देने का समय आया तो फसल बीमा कंपनियां किसानों को भुगतान नहीं कर रही हैं। हमारी मांग है कि किसानों को पर्याप्त मदद मिले।

## महाराष्ट्र नवनिर्माण वाहतूक सेना पदाधिकारीयो की परेल मे बैठक संपन्न...!

**मुंबई (फिरोज सिद्दीकी)** राजसाहेब ठाकरे ने शिक्षित डिग्रीधारी युवाओं को मतदाता सूची मे रजिस्ट्रेशन करवाने को लेकर मनसे हुई सक्रिय।मनसे प्रदेश वाहतूक सेना अध्यक्ष संजय नाइक की अध्यक्षता मे मुंबई के परेल मे आज महाराष्ट्र नवनिर्माण वाहतूक सेना पदाधिकारीयो की बैठक संपन्न हुई। जिसमें चेंबूर से मनसे वाहतूक सेना वा चेंबूर विधानसभा अध्यक्ष माऊली थोर्वे ने भी अपने भाषण मे ज्यादा से ज्यादा डिग्री धारी युवाओं को मतदाता सूची मे नाम रजिस्ट्रेशन करवाने पर जोर दिया है।ताकि अधिक से अधिक मनसे कार्यकर्ताओ मतदाताओ तक पहुँचने मे कामयाब होंगे।




# अजित पवार का सनसनीखेज दावा...
## कैबिनेट में शामिल होना चाहते थे अनिल देशमुख!



**रायगढ़:** एनसीपी के अजित पवार गुट का राष्ट्रीय सम्मेलन रायगढ़ जिले के कर्जत में आयोजित किया गया। इस सत्र के बाद अजित पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस बार उन्होंने विभिन्न घटनाक्रमों पर टिप्पणी की है। अजित पवार ने कहा कि एनसीपी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी हुई और पूर्वोत्तर भारत, दिल्ली से लोग आये. अजित पवार ने कहा कि मेरी पार्टी के पदाधिकारियों ने मार्गदर्शन दिया है कि सेल को क्या भूमिका निभानी चाहिए। अजित पवार ने कहा कि मैं किसी को बदनाम करने वाला व्यक्ति नहीं हूं, मैं कम आंकने वाला व्यक्ति नहीं हूं. उन्होंने कहा, मैं किसी को धोखा देने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। कैबिनेट में जाने के बाद हमारे नेता ने वाय. बी. चव्हाण प्रतिष्ठान में बुलाया। उन्होंने कहा कि उस वक्त कांग्रेस ने विरोध किया था। अजित पवार ने कहा कि उन्होंने आरक्षण, किसान, बेमौसम बारिश, एनडीआरएफ की मदद को लेकर हमारी पार्टी की भूमिका को लेकर मार्गदर्शन दिया है। अजित पवार ने कहा कि संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों के मुताबिक सभी को अपनी राय व्यक्त करने का अधिकार है। सतारा, शिरूर, बारामती और रायगढ़ में एनसीपी के उम्मीदवार उतारे जाएंगे। अजित पवार ने कहा कि हम अन्य सीटें हासिल करने की कोशिश करेंगे। अजित पवार ने कहा कि हमारे पास जो है उसे दूसरों को छीनने नहीं देना चाहिए।

मैंने कभी झूठ नहीं बोला। अजित पवार ने कहा कि झूठ बोलकर क्या करना है। सभी बैठकों में अनिल देशमुख मेरे साथ मौजूद थे। अनिल देशमुख ने कहा था कि वह कैबिनेट में जगह चाहते हैं।

# संतुलन बिगड़ने से ट्रक अनियंत्रित होकर सीधे होंडा शोरूम में घुस गया और भयानक हादसा हो गया
## सौभाग्य से... कोई हताहत नहीं हुआ

**गढ़चिरौली:** हमने ट्रक चलाते समय ड्राइवर के नियंत्रण खो देने के कारण भीषण दुर्घटनाओं की कई घटनाएं सुनी हैं। गढ़चिरौली में भी एक ऐसा ही दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। ट्रक का संतुलन बिगड़ने से ट्रक अनियंत्रित हो गया और सीधे होंडा शोरूम में जा घुसा और भयानक हादसा हो गया।



सौभाग्य से, कोई हताहत नहीं हुआ। लेकिन ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया है।

यह दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना चामोर्शी में शारदा होंडा शोरूम में हुई। गढ़चिरौली जिले के एट्टापल्ली तालुका में सुरजागढ़ लौह अयस्क परियोजना चल रही है। प्रतिदिन 500 ट्रक कच्चे माल की ढुलाई करते हैं। इन ट्रकों की आवाजाही के कारण कई स्थानों पर यातायात अवरुद्ध हो जाता है और नागरिकों को कई बार इस परियोजना का विरोध करते देखा गया है। गढ़चिरौली जिले के चामोर्शी में कल एक ट्रक असंतुलित होकर शोरूम में घुस गया। इस शोरूम का नाम शारदा होंडा शोरूम है और इस शोरूम में रखा सामान और शेड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि इस हादसे में ट्रक ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर, कच्चे माल की ढुलाई कर रहे दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे बड़ा हादसा हो गया। एक ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। फिलहाल गढ़चिरौली जिले में इतना विरोध होने के बावजूद भी सुरजागड़ परियोजना चल रही है। जन प्रतिनिधि भी चुप हैं। नागरिकों की मांग है कि इस कच्चे माल को कुछ परियोजनाओं के लिए अलग से सड़कें बनाकर भेजा जाना चाहिए।

# ८१.३५ करोड़ गरीब जनता को और पांच वर्षों तक मुफ्त अनाज देने का फैसला

**मुंबई :** देश की जनसंख्या १३० करोड़ के आसपास है और उसमें ८१.३५ करोड़ गरीब जनता को और पांच वर्षों तक मुफ्त अनाज देने का फैसला मोदी मंत्रिमंडल ने किया है। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अनाज योजना को और पांच वर्षों तक विस्तार देने का यह फैसला है। इस योजना के तहत हर व्यक्ति को हर माह पांच किलो अनाज मुफ्त दिया जाता है। इस योजना पर केंद्र सरकार के ही ११ लाख ८० हजार रुपए खर्च होंगे, इस तरह की जानकारी सरकार की ओर से दी गई है। सरकारी तिजोरी का पैसा देश के गरीबों के लिए खर्च किए जाने पर किसी को आपत्ति होने का कारण नहीं, लेकिन गरीबों को और कितने समय तक गरीब ही रखेंगे? गरीबों को और कितने दिन सरकारी मुफ्त अनाज पर गुजारा करना है? ये असली सवाल है। फिर तुम नौ सालों से जिस वित्तीय प्रगति का गप्पा हांक रहे हो उसका क्या हुआ? यदि तुम्हारी सरकार रफ्तार से वित्तीय प्रगति कर रही है, तो तुम्हें गरीबों को हर महीने मुफ्त अनाज देने का वक्त क्यों आ रहा है? एक तरफ यह कहना कि बीते पांच सालों में साढ़े तेरह करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए और उसी समय ८१ करोड़ लोगों के लिए मुफ्त अनाज योजना को विस्तार दिया जाता है। एक तरफ 'ट्रिलियन' अर्थव्यवस्था पर गप्पा और दूसरी तरफ ८१ करोड़ जनता को मुफ्त अनाज देने की लीपापोती! बीते नौ सालों से ऐसे ही जुमलेबाजी शुरू है।

# फोन पर सिर्फ एक कॉल और अकाउंट खाली!



**मुंबई :** तकनीकी के इस युग में हर किसी के हाथ में स्मार्ट मोबाइल फोन है और अधिकांश लोग ऑनलाइन बैंकिंग या फिर यूपीआई का इस्तेमाल करते हैं, और इसी के साथ ऑनलाइन ठगी के मामले भी बढ़ते जा रहे हैं। ठगी के ऐसे मामले सामने आते हैं जिन पर विश्वास करना मुश्किल होता है। बिना किसी ओटीपी को शेयर किए या फिर किसी अनजान लिंक पर क्लिक करने से लोगों का अकाउंट साफ हो जा रहा है। फोन पर सिर्फ एक कॉल और अकाउंट खाली हो गया। अब तक कई ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई हैं जिसमें इस बात का जिक्र किया गया है कि जालसाजों ने बिना ओटीपी मिस्ड कॉल के जरिए लोगों को लूटना शुरू कर दिया है। ऐसे तमाम उदाहरण हैं जिनसे बचना मुश्किल तो है लेकिन नामुमकिन नहीं। जरा सी सावधानी और जानकारी से हम ऑनलाइन फ्रॉड से बच सकते हैं।

# संजय राउत ने दावा किया कि शिंदे सरकार जाएगी



**मुंबई :** ठाकरे गुट के नेता सांसद संजय राउत ने एक बार फिर बड़ा बयान दिया है। संजय राउत ने दावा किया है कि एनसीपी नेता अजित पवार राज्य के मुख्यमंत्री होंगे। हर कार्यकर्ता को लगता है कि उनका नेता मुख्यमंत्री बने। हमारा भी मानना है कि अजित पवार को राज्य का मुख्यमंत्री बनना चाहिए, अजित पवार ने कहा है। साथ ही संजय राउत ने वह तारीख भी बता दी है जब अजित पवार मुख्यमंत्री बनेंगे।

सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर को विधायक अयोग्यता मामले में 31 दिसंबर तक फैसला लेने के निर्देश दिए हैं। संजय राउत ने दावा किया है कि इस नतीजे के बाद शिंदे सरकार चली जाएगी। इसलिए 31 दिसंबर के बाद मुख्यमंत्री का पद खाली हो जाएगा। संजय राउत ने कहा कि अगर अजित पवार उस सीट पर बैठेंगे तो हमें भी खुशी होगी।

संजय राउत ने ठाकरे समूह के नेता दत्ता दलवी की गिरफ्तारी की निंदा की। राउत ने दावा किया है कि यह कार्रवाई बदले की भावना से की जा रही है। महाराष्ट्र राज्य में दो कानून हैं। यदि देशद्रोहियों के लिए कोई अलग कानून है तो इसकी घोषणा करें। हम राज्यपाल से पूछ रहे हैं। वह शब्द जिसके कारण गिरफ़्तारी हुई वह फि ल्म में है। क्या सेंसर ने श्री दिघे के मुँह से वह शब्द काट दिया? दल्विस को गिरफ्तार कर आप आनंद दिघे का भी अपमान कर रहे हैं, रौता ने मुख्यमंत्री शिंदे की आलोचना की है।

पुलिस पर दबाव के कारण जमानत प्रक्रिया में देरी हो रही है। कोई बात नहीं, शिवसैनिक जेल जाकर तोड़-फोड़ नहीं करते। संत तुकाराम महाराज कहते हैं कि तुका कहता है ऐशा नारा, मोजुनि मारव्या पैजारा। आगे बढ़ते हुए मैं कहता हूं, एक हजार मारो और एक गिनो! अगर तुकोबा आज मौजूद होते तो उन्हें देहू पुलिस हिरासत में भेज दिया गया होता, ऐसा राउत ने आलोचना की है।

# डोंबिवली में क्या हो रहा है!
## लगातार अपराध की घटनाएं...




**डोंबिवली:** डोंबिवली में लगातार अपराध की घटनाएं सामने आ रही हैं। पुलिस गश्त और सुरक्षा बढ़ाने से अपराध पर नकेल कसने में सफलता नहीं मिल रही है। अब डोंबिवली के हाई प्रोफाइल पसिर से एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। डोंबिवली के खोनी में पुलिस ने दो ड्रग तस्करों को हथकड़ी लगाई है। पुलिस ने खूनी पलावा इलाके के एक हाईप्रोफाइल इलाके में छापेमारी कर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया।

उसमें दो युवकों को गिरफ्तार किया गया था और उनके पास से पुलिस ने एमडी नामक ड्रग्स और 2 l5 लाख रुपये नकद भी बरामद किये थे। इस क्षेत्र में जागरूक नागरिकों की सतर्कता के कारण पुलिस यह कार्रवाई करने में सफल रही। ड्रग्स बेचने वाले दोनों युवकों को मानपाड़ा पुलिस स्टेशन लाया गया है और पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि ये कितने ग्राम ड्रग्स थे और किसे बेचने के लिए लाए गए थे। नया साल आने में सिर्फ एक महीना बचा है। नए साल के स्वागत के लिए दिसंबर के आखिर में पार्टियों का दौर शुरू हो जाता है। इस बीच ऐसी पार्टियों में युवा ड्रग्स समेत कई व्यसनों में लिप्त हो जाते हैं। ऐसे समय में पुलिस युवकों के खिलाफ कार्रवाई करती है। इसी पृष्ठभूमि में नवंबर के अंत में डोंबिवली में नशीले पदार्थों की खोज के बाद उत्तेजना फैल गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ये दोनों युवक पलावा इलाके में एमडी ड्रग्स बेचने आये थे। लेकिन जैसे ही स्थानीय नागरिकों को उसके बारे में पता चला तो उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

# दूध के भाव नहीं मिलने से किसानों में काफी आक्रोश...
## दुग्ध उत्पादक किसान सड़क पर

**मुंबई :** राज्य में दूध के दाम लगातार गिरते जा रहे हैं इसलिए राज्य में दुग्ध उत्पादक किसान आक्रामक हो गए हैं। राज्य में किसानों को दूध के भाव नहीं मिलने से किसानों में काफी आक्रोश फैल गया है। जिसे लेकर अब दुग्ध उत्पादक किसान सड़क पर उतर गए हैं। अकोला सहित कई ठिकानों पर राज्य में किसान दूध की गिरती दर को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। ऐसे में राजनीतिक पार्टियां भी दूध दर के मामले को लेकर आमने-सामने हो गई हैं। शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), कांग्रेस, एनसीपी जहां दूध की गिरती दर के मामले में किसानों के समर्थन में उतरी हैं तो वहीं सरकार इस मामले में मौन होकर दुग्ध व्यावसायियों को अपना समर्थन जता रही है। इस मामले में एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार ने जहां इस मामले में मुख्यमंत्री को दूध की कीमतों पर पुनर्विचार करने का सुझाव दिया है तो वहीं दुग्ध विकास मंत्री विखे पाटील ने कहा कि किसानों को दूध की कम कीमत देने वाली दुग्ध कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।




# मुंबई उच्च न्यायालय ने विचाराधीन कैदियों को वीडियो-कॉन्फ्रेंस से पेश करने पर जोर दिया



**मुंबई :** बंबई उच्च न्यायालय ने कहा है कि विचाराधीन कैदियों को उपयुक्त होने पर वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालतों के समक्ष पेश किया जाना चाहिए, क्योंकि हर सुनवाई के लिए उन्हें अदालतों में प्रत्यक्ष रूप से लाने में बहुत तामझाम है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे की एकल पीठ ने महाराष्ट्र सरकार को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक धन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया कि प्रत्येक अदालत को स्क्रीन और अन्य वीडियो-कॉन्फ्रेंस सुविधाएं प्रदान की जाएं। अदालत का 10 नवंबर का आदेश शुक्रवार को उपलब्ध कराया गया।

यह मुद्दा त्रिभुवनसिंह यादव द्वारा दायर जमानत याचिका में उठाया गया था, जिसने दावा किया था कि निचली अदालत में जमानत के लिए उसकी अर्जी 23 मौकों पर स्थगित कर दी गई, क्योंकि उसे अदालत में प्रत्यक्ष रूप से या वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से पेश नहीं किया गया। पीठ ने कहा कि सितंबर में जेल और सुधारात्मक सेवाओं के निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र की 39 जेलों में 329 स्वीकृत वीडियो-कॉन्फ्रेंस इकाइयाँ हैं, जिनमें से 291 कार्यात्मक हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यदि यह सुविधा राज्य की सभी अदालतों को उपलब्ध कराई जाती है, तो कार्यवाही के विभिन्न चरणों में आरोपी व्यक्तियों को पेश करना आवश्यक नहीं होगा।

उच्च न्यायालय ने कहा, 'यह (कैदियों को प्रत्यक्ष रूप से पेश करना) एक बोझिल प्रक्रिया है, जिसमें समय, धन और संसाधन खर्च होते हैं।' इसने कहा कि सुरक्षा चिंताओं, पुलिसकर्मियों की अनुपलब्धता आदि कारणों से कैदियों को वीडियो-कॉन्फ्रेंस के जरिए पेश किया जाना चाहिए। अदालत ने कहा कि सुविधा को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सभी अदालतों में स्क्रीन की आवश्यकता होगी। पीठ ने कहा, 'यह आवश्यक है कि विचाराधीन कैदी के रूप में जेल में बंद प्रत्येक व्यक्ति को दी गई तिथि पर या तो प्रत्यक्ष रूप से या वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अदालत में पेश किया जाना चाहिए।'

# मुंबई के पूर्व मेयर दत्ता दलवी को मिली जमानत

## CM शिंदे पर की थी आपत्तिजनक टिप्पणी





**मुंबई:** मुंबई की एक अदालत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बारे में आपत्तिजनक बयान देने के आरोप में दो दिन पहले गिफ्तार किए गए शिवसेना (यूबीटी) के नेता और शहर के पूर्व महापौर दत्ता दलवी को शुक्रवार को जमानत दे दी। मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (मुलुंद अदालत) एम. आर. वाशिमकर ने बचाव और अभियोजन पक्षों की दलीलें सुनने के बाद दलवी की जमानत मंजूरी की।

अधिवक्ता संदीप सिंह के माध्यम से दायर जमानत याचिका में दलवी ने दावा किया कि वह निर्दोष हैं और उन्हें इस मामले में फंसाया गया है। याचिका में कहा गया है कि कथित अपराध में उनकी कोई भूमिका नहीं है। मुंबई पुलिस ने मुख्यमंत्री शिंदे के बारे में आपत्तिजनक बयान देने के आरोप में बुधवार को दलवी को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने कहा कि जांच के दौरान पता चला कि उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने रविवार को भांडुप उपनगर में एक बैठक आयोजित की थी, जहां दलवी ने कथित तौर पर मुख्यमंत्री शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं।

# नवी मुंबई में 11 कार मालिकों से 62 लाख रुपये की धोखाधड़ी, पुलिस ने शख्स के खिलाफ दर्ज किया केस

**नवी मुंबई :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने एक कंपनी के मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है. एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी के मालिक पर आरोप है कि उसने आकर्षक मासिक किराया देने का वादा करके 11 कार मालिकों से उनके वाहन लिये और उनसे लगभग 62 लाख रुपये की धोखाधड़ी की. अधिकारी ने कहा कि




वित्तीय सेवा कंपनी चलाने का दावा करने वाले आरोपी सत्यप्रकाश वर्मा ने इस साल अप्रैल और अगस्त के बीच कार मालिकों को कथित तौर पर धोखा दिया. अधिकारी ने कहा कि आरोपों के अनुसार, वर्मा न केवल 10.97 लाख रुपये का संचयी किराया देने में विफल रहे, बल्कि 51 लाख रुपये की कारें भी संबंधित मालिकों को वापस नहीं दीं. उन्होंने कहा कि कार मालिकों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए रबाले एमआईडीसी पुलिस ने गुरूवार को वर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया.

## नौसेना ने मुंबई में महिला अग्निवीर प्रशिक्षु की मौत के मामले में 'बोर्ड ऑफ इनक्वायरी' के आदेश दिए

**मुंबई :** नौसेना ने मुंबई में एक नौसैनिक केंद्र में एक महिला अग्निवीर प्रशिक्षु की मौत की उच्च स्तरीय जांच का आदेश दिया है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने इस घटना को ''दुर्भाग्यपूर्ण'' बताया है। मुंबई में भारतीय नौसेना पोत (आईएनएस) 'हमला' में नौसैनिक प्रशिक्षण ले रही केरल की 20 वर्षीय महिला ने सोमवार को कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एडमिरल कुमार ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, ''यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हमने इसका संज्ञान लिया है। इसकी बोर्ड ऑफ इंक्वायरी (बीओआई) के आदेश दे दिए गए हैं।'' वह घटना पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। मृतक अग्निवीर कैडेट की पहचान अपर्णा वी. नायर के रूप में हुई। नौसेना प्रमुख ने कहा कि नौसेना कर्मियों के बीच तनाव संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए कई उपाय किये जा रहे हैं।

# कोर्ट के आदेश के बाद सबसे बड़ी कार्रवाई एसटी निगम के डिविजनल कार्यालय को सील कर दिया गया



**बुलढाणाः** बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद एसटी कॉर्पोरेशन का डिविजनल ऑफिस सील कर दिया गया है। हाई कोर्ट के इस आदेश से एसटी निगम प्रशासन हिल गया है। यह कार्रवाई एसटी कॉर्पोरेशन द्वारा कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति का भुगतान करने से इनकार करने के कारण की गई है। दिलचस्प बात यह है कि इस कार्रवाई के बाद भी अगर निगम कार्रवाई के घेरे में नहीं आया तो हाईकोर्ट ने कार्यालय की जमीन की नीलामी प्रक्रिया शुरू करने की चेतावनी दी है।

19 कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के लिए एसटी निगम पर 53 लाख रुपये का बकाया है। हाईकोर्ट ने पिछले 25 सितंबर को राशि भुगतान करने का आदेश पारित किया था। लेकिन फिर भी राशि पारित नहीं की गयी। इसलिए हाई कोर्ट ने एसटी कॉर्पोरेशन के डिविजनल ऑफिस को सील करने का आदेश दिया है। यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि कर्मचारियों को उनका बकाया भुगतान नहीं किया गया तो कार्यालय की जमीन नीलाम कर दी जाएगी।

कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति ग्रेच्युटी के भुगतान में अक्षम्य चोरी के कारण एसटी निगम के बुलढाणा मंडल कार्यालय को आज देर शाम सील कर दिया गया। निगम मुख्यालय इस बात से सहमा हुआ है कि अगर इसके बाद भी निगम सामने नहीं आया तो कार्यालय की जमीन की नीलामी प्रक्रिया शुरू कर दी जायेगी।

19 कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति का निगम पर 53 लाख रुपये बकाया है। हाईकोर्ट ने पिछले 25 सितंबर को राशि भुगतान करने का आदेश पारित किया था। लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी निगम ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। इसलिए आज उनकी जमीन जब्त कर सरकार को हस्तांतरित कर दी गयी। साथ ही, तहसीलदार रूपेश खंडारे के मार्गदर्शन में एक टीम ने आज मलकापुर मार्ग पर स्थित प्रभाग कार्यालय को सील कर दिया। इस बीच, अगर वे कल शुक्रवार तक चेक नहीं देते हैं, तो जब्त की गई जमीन की नीलामी की प्रक्रिया शुरू की जाएगी, वरिष्ठ सूत्रों ने कहा। इससे मुख्यालय प्रशासन और बुलढाणा एसटी विभाग हिल गया है।

# भांडुप पुलिस स्टेशन में कॉकटेल पार्टी... 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड




**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, खबर के मुताबिक भांडुप पुलिस स्टेशन में निरीक्षक के केबिन में कॉकटेल पार्टी की गई थी। जैसे ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को इस बात की सूचना मिली तो मामले की जांच कर 4 पुलिसकर्मियों को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया है। खबर है कि कोकटेल पार्टी में 3 कर्मियों ने हिस्सा लिया था जबकि एक ने इस बात की जानकारी को छिपाने में बाकियों की मदद की थी। इसलिए उसे भी सस्पेंड कर दिया गया है।

**भांडुप पुलिस स्टेशन में कॉकटेल पार्टी**

मुंबई के भांडुप पुलिस स्टेशन में कानून व्यवस्था के पद पर तैनात पुलिस निरीक्षक के केबिन में 25 अक्टूबर की सुनील कांक, शैलेश पटोले, मनोहर शिंदे और प्रेमचंद सावंत ने एक कॉकटेल पार्टी रखी थी। जिसकी जानकारी जैसे ही वरिष्ठ अधिकारियों को मिली तो उन्होंने जांच शुरू कर दी। एक महीने बाद पार्टी में शामिल 3 पुलिसकर्मियों को तत्काल सस्पेंड कर दिया। अधिकारियों के मुताबिक इनमें से तीन को निरीक्षक के केबिन के अंदर पार्टी करने के लिए निलंबित कर दिया गया है। जबकि चौथे कांस्टेबल ने इसकी जानकारी को छुपाया जिसके लिये उसे भी दंडित किया गया है।


मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : शॉप नंबर ४ , मदीना मेंशन, ८९ ए, कैडल रोड, अपोजिट बिल्लाबोंग स्कूल, माहिम पश्चिम, मुंबई ४०००१६ , महाराष्ट्र मोबाइल नं 998777 5650 व्हाट्सप्प नं 7977408589: Email-editor@rokthoklekhaninews.com